यूटीयू की परीक्षा में छात्रा समेत तीन नकलची पकड़े

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। यूटीयू की सेमेस्टर परीक्षाओं के तहत सोमवार को रुड़की और टिहरी में एक छात्रा समेत तीन नकलची पकड़े गए। उड़नदस्ते ने यह कार्रवाई की।

यूटीयू के कुलपति डॉ. ओंकार सिंह ने भी दून के तीन संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। कुलपति ने बताया कि उड़नदस्ते ने आरसीपी कॉलेज रुड़की में फार्मेसी के एक छात्र को सुबह की पाली में नकल करते हुए पकड़ा। जबकि, रुड़की के ही आरआईटी इंस्टीट्यूट में बीटेक कंप्यूटर साइंस की एक छात्रा और टीएचडीसी हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज नई टिहरी में एक छात्र नकल करता मिला।